**दिनांक : 28/08/2026** **समय :7.10एएम**

**प्रादेशिक समाचार एकांश**
**आकाशवाणी, भोपाल**
**<u>प्रात:कालीन समाचार</u>**

सबसे पहले इस बुलेटिन के मुख्य समाचार:-

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज से उज्बेकिस्तान की दो दिवसीय यात्रा पर, राष्ट्रपति मिर्जियोयेफ से करेंगे मुलाकात।
- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कल सुबह 11 बजे 'मन की बात' में देश-विदेश के लोगों से साझा करेंगे विचार।
- मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव आज बालाघाट के लांजी दौरे पर, बीमार परिवारों से करेंगे मुलाकात।
- अगले चार दिन प्रदेश के पूर्वी हिस्से में बारिश का दौर जारी रहने की संभावना, आज सात जिलों में भारी बारिश का अलर्ट।

अब समाचार विस्तार सेः-

पीएम -उज्बेकिस्तान

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज से उज्बेकिस्तान की दो दिवसीय यात्रा पर रवाना होंगे। उज्बेकिस्तान के राष्ट्रपति शफकत मिर्जियोयेफ के निमंत्रण पर पीएम मोदी ताशकंद पहुंचेंगे। यह उनकी उज्बेकिस्तान की चौथी यात्रा होगी। दौरे के दौरान प्रधानमंत्री मोदी राष्ट्रपति मिर्जियोयेफ के साथ प्रतिनिधिमंडल स्तर की वार्ता करेंगे। दोनों नेताओं के बीच भारत और उज्बेकिस्तान की रणनीतिक साझेदारी को और मजबूत करने समेत कई मुद्दों पर चर्चा होगी।

रक्षाबंधन,उज्जैन-मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कल शाम रक्षाबंधन पर उज्जैन में शिप्रा तट स्थित श्री अंगारेश्वर महादेव मंदिर पहुंचकर पंचामृत और गुलाल से अभिषेक-पूजन किया। उन्होंने प्रदेशवासियों की सुख-समृद्धि और खुशहाली की कामना की। वहीं वीवीआईपी गेस्ट हाउस और पुलिस सामुदायिक भवन में डॉ. यादव ने महिला पुलिसकर्मियों, महाकाल मंदिर समिति की महिला कर्मचारियों और सफाई मित्रों के साथ रक्षाबंधन मनाया। महिलाओं ने तिलक लगाकर मुख्यमंत्री को राखी बांधी और मुख्यमंत्री ने सभी को उपहार भेंट किए। मुख्यमंत्री ने संत निजानंद जी के आश्रम में दर्शन-पूजन कर प्रदेशवासियों की सुख-शांति और समृद्धि की कामना भी की। मीडिया से बात करते हुए उन्होंने कहा-

मन की बात

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कल सुबह 11 बजे आकाशवाणी के 'मन की बात' कार्यक्रम में देश-विदेश के लोगों से अपने विचार साझा करेंगे। यह मासिक रेडियो कार्यक्रम का 137वां एपिसोड होगा। कार्यक्रम का प्रसारण आकाशवाणी और दूरदर्शन के सभी चौनलों के साथ एआईआर न्यूज की वेबसाइट और न्यूज ऑन एयर मोबाइल ऐप पर होगा। इसके अलावा एआईआर न्यूज, डीडी न्यूज, प्रधानमंत्री कार्यालय और सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय के यूट्यूब चौनलों पर भी इसका सीधा प्रसारण किया जाएगा। हिंदी प्रसारण के तुरंत बाद आकाशवाणी से क्षेत्रीय भाषाओं में भी कार्यक्रम प्रसारित होगा।

मुख्यमंत्री- बालाघाट दौरा

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव आज बालाघाट जिले के लांजी दौरे पर रहेंगे। वे मुख्यमंत्री जन विश्वास अभियान के तहत कन्या छात्रावास और उत्कृष्ट विद्यालय का निरीक्षण करेंगे। इसके बाद मुख्यमंत्री लांजी के पास कोरका और बोंदारी गांव जाकर बीमार परिवारों से मुलाकात करेंगे। इन बैगा बहुल गांवों में पिछले दो महीनों में मलेरिया, खसरा और कुपोषण से बड़ी संख्या में बच्चे बीमार हुए हैं, जबकि कई बच्चों

की मौत की जानकारी सामने आई है। मुख्यमंत्री स्थानीय कार्यक्रमों में शामिल होने के बाद दोपहर में लांजी से दिल्ली के लिए रवाना होंगे।

धार भोजशाला

धार की ऐतिहासिक भोजशाला के पीछे खसरा नंबर 612 की जमीन पर कल मुस्लिम समाज ने जुमे की नमाज अदा की, जबकि भोजशाला परिसर में हिंदू श्रद्धालुओं ने दोपहर 1 से 3 बजे तक सामूहिक हनुमान चालीसा का पाठ किया। नमाज के लिए तय जमीन पर जगह कम पड़ने पर कुछ लोग रास्ते में दरी और बरसाती बिछाने लगे, लेकिन प्रशासन ने उन्हें सड़क पर नमाज पढ़ने से रोक दिया।

नेपाल में फंसी दो बहनें

नेपाल में 26 अगस्त को आई भीषण बाढ़ के बीच प्रदेश के अनूपपुर और भोपाल से गए लोगों के फंसने की खबर सामने आई है। अनूपपुर के कोतमा की पलक माझी और पल्लवी माझी सरकारी मदद से सुरक्षित पोखरा पहुंच गई हैं, जबकि उनके 9 सदस्यीय ग्रुप में 3 लोगों की अभी जानकारी नहीं मिली है। वहीं भोपाल से गोसाईकुंडा तीर्थ गए एक ही परिवार से जुड़े 29 लोग अब तक लापता हैं।

फार्मर आईडी

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने किसानों से अपनी फार्मर आईडी बनवाने की अपील की है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में फार्मर आईडी बनाने का अभियान शुरू हो गया है और सरकारी दल गांव-गांव जाकर किसानों की आईडी बना रहे हैं। फार्मर आईडी से किसानों को डिजिटल पहचान मिलेगी और उन्हें खेती से जुड़ी योजनाओं और सेवाओं का लाभ आसानी से मिल सकेगा। यह आईडी जमीन, पशुधन, बोई गई फसल और सरकारी योजनाओं से मिलने वाले लाभ जैसी जानकारी से जुड़ी होगी।

रीवा-जांच निर्देश-उप मुख्यमंत्री

रीवा में गर्भवती महिला और उसके गर्भस्थ शिशु की मौत के मामले में उप मुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल ने निष्पक्ष जांच के निर्देश दिए हैं। परिजनों ने डॉक्टरों पर दुर्व्यवहार और इलाज में लापरवाही के आरोप लगाए थे, जिसके बाद वरिष्ठ डॉक्टरों की जांच समिति बनाई गई है। मामले में प्रथम दृष्टया लापरवाही और अनुशासनहीनता के आधार पर दो डॉक्टरों और दुर्व्यवहार की शिकायत पर दो नर्सिंग ऑफिसरों को तत्काल निलंबित किया गया है। महिला को 26 अगस्त को गांधी स्मारक चिकित्सालय में भर्ती कराया गया था, जहां उसी रात उसकी और गर्भस्थ शिशु की मौत हो गई थी।

कॉक्लियर इंप्लांट- भोपाल

भोपाल एम्स में 9 महीने के शिशु के दोनों कानों में एक साथ सफल कॉक्लियर इंप्लांट किया गया है। डॉक्टरों के मुताबिक यह मध्य भारत में इतनी कम उम्र में हुआ पहला कॉक्लियर प्रत्यारोपण है। बच्चा समय से पहले पैदा हुआ था और जन्म के बाद उसे लंबे समय तक एनआईसीयू में रखा गया था, बाद में मस्तिष्क ज्वर के चलते उसकी सुनने की क्षमता प्रभावित हुई। एम्स की ईएनटी और एनेस्थीसिया टीम ने आधुनिक तकनीक और स्मार्टनैव सिस्टम की मदद से सर्जरी पूरी की। अब उपकरण को एक्टिवेट कर बच्चे को नियमित श्रवण और भाषा संबंधी प्रशिक्षण दिया जाएगा।

कूनो- चीता निर्वा

कूनो नेशनल पार्क से करीब 21 दिन पहले लापता हुई दक्षिण अफ्रीका से लाई गई मादा चीता निर्वा आखिरकार सुरक्षित मिल गई है। उसका सैटेलाइट कॉलर काम नहीं कर रहा था, जिससे उसकी लोकेशन का सिग्नल मिलना बंद हो गया था। लंबी तलाश के बाद टीम ने निर्वा को खोज निकाला और कल उसे सुरक्षित वापस बाड़े में पहुंचा दिया।

मौसम का हाल

अब बात मौसम की। प्रदेश के पूर्वी हिस्से में अगले चार दिन बारिश का दौर जारी रहने की संभावना है। मौसम विभाग ने आज रीवा, सीधी, कटनी, शहडोल, अनूपपुर, सिवनी और बालाघाट में भारी बारिश का अलर्ट जारी किया है, जबकि भोपाल में रिमझिम बारिश हो सकती है। जबलपुर, छिंदवाड़ा, मंडला, डिंडौरी, सतना समेत कई जिलों में हल्की से तेज बारिश होने के आसार हैं। वहीं इंदौर, उज्जैन

और ग्वालियर-चंबल संभाग में तेज बारिश की संभावना कम है। मौसम विभाग के मुताबिक प्रदेश में अब तक 26.9 इंच बारिश हुई है, जो सामान्य से करीब 2.6 इंच कम है।

'रासलीला समारोह

भोपाल में भगवान श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं और रास प्रसंगों पर आधारित सात दिवसीय 'रासलीला समारोह' का आयोजन किया जा रहा है। प्रदेश के संस्कृति विभाग की ओर से आयोजित समारोह की शुरुआत आज से होगी। रवींद्र भवन के मुक्ताकाश मंच पर हर दिन शाम 6.30 बजे से कृष्ण की अलग-अलग लीलाओं की प्रस्तुति दी जाएगी। कार्यक्रम में कलाकार श्रीकृष्ण के जीवन और लीलाओं को मंच पर जीवंत करेंगे। समारोह में दर्शकों के लिए प्रवेश पूरी तरह निशुल्क रहेगा।

महिला एशिया कप टी-20 क्रिकेट

दुबई में महिला एशिया कप टी-20 क्रिकेट में आज श्रीलंका का मुकाबला संयुक्त अरब अमीरात से होगा। मैच भारतीय समयानुसार रात 8 बजे शुरू होगा।

कल खेले गए मुकाबले में थाईलैंड ने हांगकांग को 6 रन से हराया। टूर्नामेंट में 8 टीमों को दो ग्रुप में बांटा गया है, जिसमें भारत ग्रुप ए में पाकिस्तान, हांगकांग और थाईलैंड के साथ है। भारत अपना पहला मैच कल थाईलैंड के खिलाफ खेलेगा, जबकि 3 सितंबर को हांगकांग और 5 सितंबर को पाकिस्तान से मुकाबला होगा।

हॉकी इंडिया- इनाम

हॉकी इंडिया ने एफआईएच महिला हॉकी वर्ल्ड कप 2026 में ऐतिहासिक पांचवां स्थान हासिल करने वाली भारतीय महिला टीम के लिए 50 लाख रुपये के नकद पुरस्कार का ऐलान किया है। 1974 के बाद वर्ल्ड कप में भारत का यह सबसे अच्छा प्रदर्शन है।
टूर्नामेंट में भारत को सिर्फ एक हार मिली, जबकि टीम ने चीन, इंग्लैंड और ऑस्ट्रेलिया जैसी मजबूत टीमों से ड्रॉ खेला और दक्षिण अफ्रीका को 6-1 से हराया।

अब कुछ समाचार संक्षेप में:-

ऽ खंडवा में दिगंबर जैन समाज आज द्वारा रक्षाबंधन पर्व को मुनि रक्षा दिवस के रूप में श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया जाएगा।
ऽ मंदसौर में मुख्यमंत्री जन विश्वास अभियान के अंतर्गत आज शनिवार को जनपद पंचायत मंदसौर के ग्राम भूखी में जन संवाद एवं उद्यम संवाद शिविर आयोजित होगा।
ऽ सतना जिले में हो रही बारिश से जन जीवन प्रभावित हुआ है। चारों तरफ पानी ही पानी है नदी नालों में लगातार जल स्तर बढ़ता जा रहा है।
ऽ धार में सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम को देखते हुए सड़क सुरक्षा उपसमिति द्वारा इंदौर-अहमदाबाद राष्ट्रीय राजमार्ग एनएच-47 पर चिन्हित ब्लैक स्पॉट क्षेत्रों का संयुक्त निरीक्षण किया गया।
ऽ इंदौर जिले में मुख्यमंत्री जन विश्वास अभियान के तहत शिविरों के आयोजन आज विधानसभा क्षेत्र क्रमांक-5 के मूसाखेड़ी स्थित झोन क्रमांक-18 के झोनल कार्यालय परिसर में शिविर आयोजित किया जाएगा।
ऽ मुरैना कलेक्टर लोकेश कुमार जांगिड़ के निर्देश पर मुरैना जिले में विभिन्न बीज विक्रेता फर्मों के यहां कृषि विभाग द्वारा बीजों की सैम्पलिंग की कार्रवाई की गई।
ऽ मंडला में भगवान श्रीकृष्ण मेधावी छात्रवृत्ति योजना के तहत मेधावी विद्यार्थियों के लिए ऑनलाइन प्रतियोगिता 11 से 30 सितंबर तक आयोजित की जाएगी।

-------------

**न्यूज फॉर हिन्दी वैब -**

(1) रक्षाबंधन,उज्जैन-मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कल शाम रक्षाबंधन पर उज्जैन में शिप्रा तट स्थित श्री अंगारेश्वर महादेव मंदिर पहुंचकर पंचामृत और गुलाल से अभिषेक-पूजन किया। उन्होंने प्रदेशवासियों की सुख-समृद्धि और खुशहाली की कामना की। वहीं वीवीआईपी गेस्ट हाउस

और पुलिस सामुदायिक भवन में डॉ. यादव ने महिला पुलिसकर्मियों, महाकाल मंदिर समिति की महिला कर्मचारियों और सफाई मित्रों के साथ रक्षाबंधन मनाया। महिलाओं ने तिलक लगाकर मुख्यमंत्री को राखी बांधी और मुख्यमंत्री ने सभी को उपहार भेंट किए। मुख्यमंत्री ने संत निजानंद जी के आश्रम में दर्शन-पूजन कर प्रदेशवासियों की सुख-शांति और समृद्धि की कामना भी की। मीडिया से बात करते हुए उन्होंने कहा-

(2) मुख्यमंत्री- बालाघाट दौरा

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव आज बालाघाट जिले के लांजी दौरे पर रहेंगे। वे मुख्यमंत्री जन विश्वास अभियान के तहत कन्या छात्रावास और उत्कृष्ट विद्यालय का निरीक्षण करेंगे। इसके बाद मुख्यमंत्री लांजी के पास कोरका और बोंदारी गांव जाकर बीमार परिवारों से मुलाकात करेंगे। इन बैगा बहुल गांवों में पिछले दो महीनों में मलेरिया, खसरा और कुपोषण से बड़ी संख्या में बच्चे बीमार हुए हैं, जबकि कई बच्चों की मौत की जानकारी सामने आई है। मुख्यमंत्री स्थानीय कार्यक्रमों में शामिल होने के बाद दोपहर में लांजी से दिल्ली के लिए रवाना होंगे।

(3) फार्मर आईडी अभियान

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने किसानों से अपनी फार्मर आईडी बनवाने की अपील की है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में फार्मर आईडी बनाने का अभियान शुरू हो गया है और सरकारी दल गांव-गांव जाकर किसानों की आईडी बना रहे हैं। फार्मर आईडी से किसानों को डिजिटल पहचान मिलेगी और उन्हें खेती से जुड़ी योजनाओं और सेवाओं का लाभ आसानी से मिल सकेगा। यह आईडी जमीन, पशुधन, बोई गई फसल और सरकारी योजनाओं से मिलने वाले लाभ जैसी जानकारी से जुड़ी होगी।

(4) कॉक्लियर इंप्लांट- भोपाल

भोपाल एम्स में 9 महीने के शिशु के दोनों कानों में एक साथ सफल कॉक्लियर इंप्लांट किया गया है। डॉक्टरों के मुताबिक यह मध्य भारत में इतनी कम उम्र में हुआ पहला कॉक्लियर प्रत्यारोपण है। बच्चा समय से पहले पैदा हुआ था और जन्म के बाद उसे लंबे समय तक एनआईसीयू में रखा गया था, बाद में मस्तिष्क ज्वर के चलते उसकी सुनने की क्षमता प्रभावित हुई। एम्स की ईएनटी और एनेस्थीसिया टीम ने आधुनिक तकनीक और स्मार्टनैव सिस्टम की मदद से सर्जरी पूरी की। अब उपकरण को एक्टिवेट कर बच्चे को नियमित श्रवण और भाषा संबंधी प्रशिक्षण दिया जाएगा।

(5) मौसम का हाल

अब बात मौसम की। प्रदेश के पूर्वी हिस्से में अगले चार दिन बारिश का दौर जारी रहने की संभावना है। मौसम विभाग ने आज रीवा, सीधी, कटनी, शहडोल, अनूपपुर, सिवनी और बालाघाट में भारी बारिश का अलर्ट जारी किया है, जबकि भोपाल में रिमझिम बारिश हो सकती है। जबलपुर, छिंदवाड़ा, मंडला, डिंडौरी, सतना समेत कई जिलों में हल्की से तेज बारिश होने के आसार हैं। वहीं इंदौर, उज्जैन और ग्वालियर-चंबल संभाग में तेज बारिश की संभावना कम है। मौसम विभाग के मुताबिक प्रदेश में अब तक 26.9 इंच बारिश हुई है, जो सामान्य से करीब 2.6 इंच कम है।

---------------

**प्रादेशिक समाचार एकांश**

**आकाशवाणी, भोपाल**

**प्रातःकालीन समाचार**

**सबसे पहले इस बुलेटिन के मुख्य समाचार :–**

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज से उज्बेकिस्तान की दो दिवसीय यात्रा पर, राष्ट्रपति मिर्जियोयेफ से करेंगे मुलाकात।
- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कल सुबह 11 बजे 'मन की बात' में देश–विदेश के लोगों से साझा करेंगे विचार।

- मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव आज बालाघाट के लांजी दौरे पर, बीमार परिवारों से करेंगे मुलाकात।

  और

- अगले चार दिन प्रदेश के पूर्वी हिस्से में बारिश का दौर जारी रहने की संभावना, आज सात जिलों में भारी बारिश का अलर्ट।

**अब समाचार विस्तार सेः–**

**<u>पीएम –उज्बेकिस्तान</u>**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज से उज्बेकिस्तान की दो दिवसीय यात्रा पर रवाना होंगे। उज्बेकिस्तान के राष्ट्रपति शफकत मिर्जियोयेफ के निमंत्रण पर पीएम मोदी ताशकंद पहुंचेंगे। यह उनकी उज्बेकिस्तान की चौथी यात्रा होगी। दौरे के दौरान प्रधानमंत्री मोदी राष्ट्रपति मिर्जियोयेफ के साथ प्रतिनिधिमंडल स्तर की वार्ता करेंगे। दोनों नेताओं के बीच भारत और उज्बेकिस्तान की रणनीतिक साझेदारी को और मजबूत करने समेत कई मुद्दों पर चर्चा होगी।

**रक्षाबंधन,उज्जैन–मुख्यमंत्री**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कल शाम रक्षाबंधन पर उज्जैन में शिप्रा तट स्थित श्री अंगारेश्वर महादेव मंदिर पहुंचकर पंचामृत और गुलाल से अभिषेक–पूजन किया। उन्होंने प्रदेशवासियों की सुख–समृद्धि और खुशहाली की कामना की। वहीं वीवीआईपी गेस्ट हाउस और पुलिस सामुदायिक भवन में डॉ. यादव ने महिला पुलिसकर्मियों, महाकाल मंदिर समिति की महिला कर्मचारियों और सफाई मित्रों के साथ रक्षाबंधन मनाया। महिलाओं ने तिलक लगाकर मुख्यमंत्री को राखी बांधी और मुख्यमंत्री ने सभी को उपहार भेंट किए। मुख्यमंत्री ने संत निजानंद जी के आश्रम में दर्शन–पूजन कर प्रदेशवासियों की सुख–शांति और समृद्धि की कामना भी की। मीडिया से बात करते हुए उन्होंने कहा–

**बाइट–मुख्यमंत्री**

**<u>मन की बात</u>**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कल सुबह 11 बजे आकाशवाणी के 'मन की बात' कार्यक्रम में देश–विदेश के लोगों से अपने विचार साझा करेंगे। यह मासिक रेडियो कार्यक्रम का 137वां एपिसोड होगा। कार्यक्रम का प्रसारण आकाशवाणी और दूरदर्शन के सभी चौनलों के साथ एआईआर न्यूज की वेबसाइट और न्यूज ऑन एयर मोबाइल ऐप पर होगा। इसके अलावा एआईआर न्यूज, डीडी न्यूज, प्रधानमंत्री कार्यालय और सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय के यूट्यूब चौनलों पर भी इसका सीधा प्रसारण किया जाएगा। हिंदी प्रसारण के तुरंत बाद आकाशवाणी से क्षेत्रीय भाषाओं में भी कार्यक्रम प्रसारित होगा।

## मुख्यमंत्री– बालाघाट दौरा

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव आज बालाघाट जिले के लांजी दौरे पर रहेंगे। वे मुख्यमंत्री जन विश्वास अभियान के तहत कन्या छात्रावास और उत्कृष्ट विद्यालय का निरीक्षण करेंगे। इसके बाद मुख्यमंत्री लांजी के पास कोरका और बोंदारी गांव जाकर बीमार परिवारों से मुलाकात करेंगे। इन बैगा बहुल गांवों में पिछले दो महीनों में मलेरिया, खसरा और कुपोषण से बड़ी संख्या में बच्चे बीमार हुए हैं, जबकि कई बच्चों की मौत की जानकारी सामने आई है। मुख्यमंत्री स्थानीय कार्यक्रमों में शामिल होने के बाद दोपहर में लांजी से दिल्ली के लिए रवाना होंगे।

## धार भोजशाला

धार की ऐतिहासिक भोजशाला के पीछे खसरा नंबर 612 की जमीन पर कल मुस्लिम समाज ने जुमे की नमाज अदा की, जबकि भोजशाला परिसर में हिंदू श्रद्धालुओं ने दोपहर 1 से 3 बजे तक सामूहिक हनुमान चालीसा का पाठ किया। नमाज के लिए तय जमीन पर जगह कम पड़ने पर कुछ लोग रास्ते में दरी और बरसाती बिछाने लगे, लेकिन प्रशासन ने उन्हें सड़क पर नमाज पढ़ने से रोक दिया।

## नेपाल में फंसी दो बहनें

नेपाल में 26 अगस्त को आई भीषण बाढ़ के बीच प्रदेश के अनूपपुर और भोपाल से गए लोगों के फंसने की खबर सामने आई है। अनूपपुर के कोतमा की पलक माझी और पल्लवी माझी सरकारी मदद से सुरक्षित पोखरा पहुंच गई हैं, जबकि उनके 9 सदस्यीय ग्रुप में 3 लोगों की अभी जानकारी नहीं मिली है। वहीं भोपाल से गोसाईकुंडा तीर्थ गए एक ही परिवार से जुड़े 29 लोग अब तक लापता हैं।

## फार्मर आईडी

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने किसानों से अपनी फार्मर आईडी बनवाने की अपील की है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में फार्मर आईडी बनाने का अभियान शुरू हो गया है और सरकारी दल गांव–गांव जाकर किसानों की आईडी बना रहे हैं। फार्मर आईडी से किसानों को डिजिटल पहचान मिलेगी और उन्हें खेती से जुड़ी योजनाओं और सेवाओं का लाभ आसानी से मिल सकेगा। यह आईडी जमीन, पशुधन, बोई गई फसल और सरकारी योजनाओं से मिलने वाले लाभ जैसी जानकारी से जुड़ी होगी।

## रीवा–जांच निर्देश–उप मुख्यमंत्री

रीवा में गर्भवती महिला और उसके गर्भस्थ शिशु की मौत के मामले में उप मुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल ने निष्पक्ष जांच के निर्देश दिए हैं। परिजनों ने डॉक्टरों पर दुर्व्यवहार और इलाज में लापरवाही के आरोप लगाए थे, जिसके बाद वरिष्ठ डॉक्टरों की जांच समिति बनाई गई है। मामले में प्रथम दृष्टया लापरवाही और अनुशासनहीनता के आधार पर दो डॉक्टरों और दुर्व्यवहार की शिकायत पर दो नर्सिंग ऑफिसरों को तत्काल

निलंबित किया गया है। महिला को 26 अगस्त को गांधी स्मारक चिकित्सालय में भर्ती कराया गया था, जहां उसी रात उसकी और गर्भस्थ शिशु की मौत हो गई थी।

**कॉक्लियर इंप्लांट– भोपाल**

भोपाल एम्स में 9 महीने के शिशु के दोनों कानों में एक साथ सफल कॉक्लियर इंप्लांट किया गया है। डॉक्टरों के मुताबिक यह मध्य भारत में इतनी कम उम्र में हुआ पहला कॉक्लियर प्रत्यारोपण है। बच्चा समय से पहले पैदा हुआ था और जन्म के बाद उसे लंबे समय तक एनआईसीयू में रखा गया था, बाद में मस्तिष्क ज्वर के चलते उसकी सुनने की क्षमता प्रभावित हुई। एम्स की ईएनटी और एनेस्थीसिया टीम ने आधुनिक तकनीक और स्मार्टनैव सिस्टम की मदद से सर्जरी पूरी की। अब उपकरण को एक्टिवेट कर बच्चे को नियमित श्रवण और भाषा संबंधी प्रशिक्षण दिया जाएगा।

**कूनो– चीता निर्वा**

कूनो नेशनल पार्क से करीब 21 दिन पहले लापता हुई दक्षिण अफ्रीका से लाई गई मादा चीता निर्वा आखिरकार सुरक्षित मिल गई है। उसका सैटेलाइट कॉलर काम नहीं कर रहा था, जिससे उसकी लोकेशन का सिग्नल मिलना बंद हो गया था। लंबी तलाश के बाद टीम ने निर्वा को खोज निकाला और कल उसे सुरक्षित वापस बाड़े में पहुंचा दिया।

**मौसम का हाल**

अब बात मौसम की। प्रदेश के पूर्वी हिस्से में अगले चार दिन बारिश का दौर जारी रहने की संभावना है। मौसम विभाग ने आज रीवा, सीधी, कटनी, शहडोल, अनूपपुर, सिवनी और बालाघाट में भारी बारिश का अलर्ट जारी किया है, जबकि भोपाल में रिमझिम बारिश हो सकती है। जबलपुर, छिंदवाड़ा, मंडला, डिंडौरी, सतना समेत कई जिलों में हल्की से तेज बारिश होने के आसार हैं। वहीं इंदौर, उज्जैन और ग्वालियर–चंबल संभाग में तेज बारिश की संभावना कम है। मौसम विभाग के मुताबिक प्रदेश में अब तक 26.9 इंच बारिश हुई है, जो सामान्य से करीब 2.6 इंच कम है।

**'रासलीला समारोह**

भोपाल में भगवान श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं और रास प्रसंगों पर आधारित सात दिवसीय 'रासलीला समारोह' का आयोजन किया जा रहा है। प्रदेश के संस्कृति विभाग की ओर से आयोजित समारोह की शुरुआत आज से होगी। रवींद्र भवन के मुक्ताकाश मंच पर हर दिन शाम 6.30 बजे से कृष्ण की अलग–अलग लीलाओं की प्रस्तुति दी जाएगी। कार्यक्रम में कलाकार श्रीकृष्ण के जीवन और लीलाओं को मंच पर जीवंत करेंगे। समारोह में दर्शकों के लिए प्रवेश पूरी तरह निशुल्क रहेगा।

**महिला एशिया कप टी–20 क्रिकेट**

दुबई में महिला एशिया कप टी–20 क्रिकेट में आज श्रीलंका का मुकाबला संयुक्त अरब अमीरात से होगा। मैच भारतीय समयानुसार रात 8 बजे शुरू होगा।

कल खेले गए मुकाबले में थाईलैंड ने हांगकांग को 6 रन से हराया। टूर्नामेंट में 8 टीमों को दो ग्रुप में बांटा गया है, जिसमें भारत ग्रुप ए में पाकिस्तान, हांगकांग और थाईलैंड के साथ है। भारत अपना पहला मैच कल थाईलैंड के खिलाफ खेलेगा, जबकि 3 सितंबर को हांगकांग और 5 सितंबर को पाकिस्तान से मुकाबला होगा।

**हॉकी इंडिया– इनाम**

हॉकी इंडिया ने एफआईएच महिला हॉकी वर्ल्ड कप 2026 में ऐतिहासिक पांचवां स्थान हासिल करने वाली भारतीय महिला टीम के लिए 50 लाख रुपये के नकद पुरस्कार का ऐलान किया है। 1974 के बाद वर्ल्ड कप में भारत का यह सबसे अच्छा प्रदर्शन है।

टूर्नामेंट में भारत को सिर्फ एक हार मिली, जबकि टीम ने चीन, इंग्लैंड और ऑस्ट्रेलिया जैसी मजबूत टीमों से ड्रॉ खेला और दक्षिण अफ्रीका को 6–1 से हराया।

**अब कुछ समाचार संक्षेप में :–**

- खंडवा में दिगंबर जैन समाज आज द्वारा रक्षाबंधन पर्व को मुनि रक्षा दिवस के रूप में श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया जाएगा।
- मंदसौर में मुख्यमंत्री जन विश्वास अभियान के अंतर्गत आज शनिवार को जनपद पंचायत मंदसौर के ग्राम भूखी में जन संवाद एवं उद्यम संवाद शिविर आयोजित होगा।
- सतना जिले में हो रही बारिश से जन जीवन प्रभावित हुआ है। चारों तरफ पानी ही पानी है नदी नालों में लगातार जल स्तर बढ़ता जा रहा है।
- धार में सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम को देखते हुए सड़क सुरक्षा उपसमिति द्वारा इंदौर–अहमदाबाद राष्ट्रीय राजमार्ग एनएच– 47 पर चिन्हित ब्लैक स्पॉट क्षेत्रों का संयुक्त निरीक्षण किया गया।
- इंदौर जिले में मुख्यमंत्री जन विश्वास अभियान के तहत शिविरों के आयोजन आज विधानसभा क्षेत्र क्रमांक–5 के मूसाखेड़ी स्थित झोन क्रमांक–18 के झोनल कार्यालय परिसर में शिविर आयोजित किया जाएगा।
- मुरैना कलेक्टर लोकेश कुमार जांगिड़ के निर्देश पर मुरैना जिले में विभिन्न बीज विक्रेता फर्मों के यहां कृषि विभाग द्वारा बीजों की सैम्पलिंग की कार्रवाई की गई।
- मंडला में भगवान श्रीकृष्ण मेधावी छात्रवृत्ति योजना के तहत मेधावी विद्यार्थियों के लिए ऑनलाइन प्रतियोगिता 11 से 30 सितंबर तक आयोजित की जाएगी।

————————————